प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
14.10.2024 18.30 पीएम

- सर्वोच्च न्यायालय ने कोविड–19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज किया।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा –नारी सशक्तीकरण के लिए कार्य करने वाला समाज ही तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ता है।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स' का गठन ।
- प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश–रबि फसलों की बुवाई का दौर शुरू।

000000

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कोविड–19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए दायर की गई थी। एक अन्य मामले में, शीर्ष अदालत ने एक गैर सरकारी संगठन की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र सरकार को दूरदर्शन पर 24 घंटे का सिंधी भाषा का चैनल शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इससे पहले भी एनजीओ की इस याचिका को दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी खारिज कर दिया था।

00000

देश की थोक मुद्रास्फीति अगस्त 2024 के एक दशमलव 31 प्रतिशत से थोड़ी बढ़कर सितम्बर में एक दशमलव 84 प्रतिशत हो गई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार मुद्रास्फीति में वृद्धि खाद्य कीमतों में बढोतरी के कारण हुई है। अगस्त महीने मे खाद्य मूल्य की मुद्रास्फीति तीन दशमलव 11 प्रतिशत थी जो सितम्बर में बढ़कर 11 दशमलव 53 प्रतिशत हो गई है।

000000

उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा लगभग सात सौ 32 उत्पादों के लिए 150 से अधिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किए गए हैं। आज नई दिल्ली में विश्व मानक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानकों के कार्यान्वयन को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको केन्द्र सरकार के पहले 100 दिनों में एमएसएमई क्षेत्र में किये गये कार्यो से जुड़ी जानकारी दे रहे है।

------

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि नारी सशक्तीकरण के लिए कार्य करने वाला समाज ही तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ता है। श्री बागडे आज जयपुर में 'महिला सुरक्षा मंच' द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति 2024' पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कार और हिम्मत, नारी शक्ति के रूप में मां ही देती है। उन्होंने मातृ शक्ति को बच्चों की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि करने वाली बताते हुए कहा कि महिलाओं को मन से मजबूत होना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, उद्यमिता, शिक्षा, चिकित्सा, अर्थव्यवस्था आदि विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को 'नारी शक्ति 2024' पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने समाज में महिला शिक्षा और उन्हें अवसर देने के लिए सभी स्तरों पर कार्य करने पर जोर दिया।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में 'राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स' का गठन किया गया है। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी इस टास्क फोर्स की उपाध्यक्ष होंगी। जबकि उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द्र बैरवा के अलावा उद्योग, ऊर्जा और कृषि मंत्री तथा मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों को इसका सदस्य बनाया गया है। प्रशासनिक सुधार विभाग के शासन उप सचिव अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि टास्क फोर्स में 5 विषय विशेषज्ञों को सदस्य के रूप में नामित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स द्वारा प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों की पहचान, नीति निर्माण और कार्यान्वयन, कौशल विकास और शिक्षा, बुनियादी ढांचे का विकास और रोजगार सहित अन्य विषयों के संबंध में सिफारिशे की जाएंगी।

0000

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित कर चुका है। इस अवसंरचना ने उच्च गुणवत्ता के डिजिटल वित्तीय उत्पादों के विकास में सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि देश अब विश्व के तीसरे महत्वपूर्ण जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बन चुका है। यहां एक लाख चालीस हजार से अधिक स्टार्टअप और एक सौ से अधिक यूनिकॉर्न हैं। आज नई दिल्ली में आरबीआई एट नाईन्टी उच्चस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री दास ने यह बात कही। उन्होंने बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन जोखिमों से निपटने के लिए पर्याप्त जोखिम निवारण उपाय करने को कहा। श्री दास ने बढ़ते ऋण पर भी चिंता व्यक्त की है।

00000

कोटा में 131 वें राष्ट्रीय दशहरा मेला में अब सांस्कृतिक कार्यकमो का दौर शुरू हो चुका है। पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध कोटा दशहरा मेले का उद्घाटन 3 अक्टूबर को हुआ था।

------

00000

प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई है। झालावाड़ में कल और आज हुई बारिश से खरीफ की कटी फसलों को नुकसान हुआ है। जिले के खानपुर उपखण्ड क्षेत्र में कल रात हुई बारिश से धान की फसलों को नुकसान पहुंचा है। जयपुर, सवाईमाधोपुर, दौसा समेत कई जिलों में बादल छाये रहे। कोटा तथा जोधपुर संभाग के कुछ अन्य जिलों में भी आज हल्की बारिश होने के समाचार है। बीते 24 घंटे में पूर्वी जिलों में कहीं—कहीं हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी। सबसे ज्यादा 47 मिलीमीटर बारिश चित्तौडगढ़ के डूंगला में मापी गयी। मौसम केन्द्र जयपुर ने कल उदयपुर और कोटा संभाग के जिलों में कहीं—कहीं हल्की बारिश की संभावना जतायी है।

00000

प्रदेश में रबि फसलों की बुआई का काम शुरू हो गया है। पूर्वी राजस्थान में मौसम बदलने के साथ ही किसान सक्रिय हो गए हैं और वह खेतों में जुताई के कार्य में लग गए हैं ।

------

00000

डीग जिले में भी रबि फसलो की बुआई का काम शुरू हो गया है। कृषि विभाग की ओर से डीएपी की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद बीज के गोदामों पर निरंतर छापेमारी की जा रही है। कृषि विभाग उपनिदेशक डॉ धर्मपाल सिंह ने बताया कि डीएपी की कम उपलब्धता के चलते किसानों को गोष्ठियों के माध्यम से सिंगल सुपर फास्फेट का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

00000

खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 30 नवम्बर तक ई—केवाईसी करवाना अनिवार्य है। बालोतरा के जिला रसद अधिकारी ने बताया कि बालोतरा और बाड़मेर ज़िलों में 82 प्रतिशत परिवारों ने अपनी केवाईसी करवा दी है लेकिन 18 प्रतिशत परिवार अभी भी केवाईसी नही करवा पाए है। उन्होंने बताया कि केवाईसी नही करवाने वाले परिवारों के नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटा दिए जाएंगे।

00000

पाली के राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में आज चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से तम्बाकु मुक्त युवा अभियान 2.0 के द्वारा युवाओं को तम्बाकु उत्पादों से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के दौरान विधार्थियो को शपथ दिलाई गई और पम्पलेट्स वितरित किए गए।

00000

सांचौर में आज जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड़ ने कलक्ट्रेट परिसर में राजस्व से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने आबकारी, पंजीयन और वाणिज्य कर विभाग से जुड़े अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर निर्धारित समय सीमा में आंवटित लक्ष्यों को अर्जित करने के निर्देश दिए।

00000

आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए सांचौर में जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा एवं केंद्र की संयुक्त टीम ने शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत ग्राम माखुपुरा स्थित निजी दूध डेयरी का निरीक्षण किया। इस दौरान मिलावट के संदेह में कोल्ड स्टोरेज में संग्रहित लगभग 300 किलोग्राम दूषित पनीर को जब्त करते हुए मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त किए गए खाद्य पदार्थों के नमूनो को जांच के लिए जोधपुर की लैब में भिजवाया गया है।

00000